भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार

बिज़नेस स्टैंडर्ड

महंगे होंगे टायर!

बढ़ती लागत के कारण मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए टायर कंपनियों ने कीमतों में 25 फीसदी का इजाफा करने की संभावना जताई है। ऑटोमेटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) के चेयरमैन नीरज कंवर ने कहा कि एटमा ने प्रधानमंत्री से रबर की बढ़ती कीमतों के बारे में बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बारे में सरकार कुछ नहीं कर सकती है। टायर उद्योग ने मांग की है कि सरकार प्राकृतिक रबर पर 20 फीसदी आयात शुल्क हटाए और रबर के वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगाए।

भाषा